| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| The Savera Times | 07.02.2026 | -- | -- |

# CCSHAU student Pooja's research published in high-impact international research journal 'Food Chemistry'

**MAHENDER GOYAL**
**HISAR, FEB 6**



Pooja of postgraduate student in Department of Plant Pathology at Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University (CCSHAU), Hisar, has brought international recognition to the university with her outstanding research achievement. Pooja's research paper has been published in world-renowned and high-impact (Impact Factor 15.8) research journal 'Food Chemistry'. Vice-Chancellor of university, Prof Baldev Raj Kamboj, congratulated all members of research team and encouraged them to continue conducting similar high-level research in future. He also emphasized developing research findings into patents or commercial products, which would directly benefit farmers of Haryana. Pooja conducted this research during her postgraduate studies under guidance of plant pathologist Dr. Prashant Chauhan. Her research focused on Fusarium rot disease in potatoes which has been scientifically studied for first time under Haryana's conditions. This disease can cause severe damage, up to 60 percent, especially during cold storage. Potato samples were collected from major potato-producing areas of Haryana during research. A detailed study was also conducted on effective control measures for this disease. Research team used various beneficial microorganisms and components of agricultural waste materials and results were found to be very satisfactory in controlling the disease. Based on her research work, Pooja has also published two other research papers and one review paper in internationally renowned research journals.

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 7.2.26 | 5 | 2-3 |

# हकृवि की छात्रा पूजा ने आलू के सड़न रोग पर किया शोध



*कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज के साथ छात्रा पूजा व अन्य*

हिसार, 6 फरवरी (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के पादप रोग विभाग की स्नातकोत्तर छात्रा पूजा ने अपनी उत्कृष्ट शोध उपलब्धि से विश्वविद्यालय का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। पूजा का शोध पत्र विश्व की प्रतिष्ठित शोध पत्रिका 'फूड केमिस्ट्री' में प्रकाशित हुआ है।

इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने अनुसंधान दल के सभी सदस्यों को बधाई दी तथा भविष्य में भी इसी प्रकार के उच्च स्तरीय शोध कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शोध से प्राप्त परिणामों को पेटेंट अथवा व्यावसायिक उत्पाद के रूप में विकसित करने पर भी बल दिया, जिससे हरियाणा के किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। पूजा ने यह शोध कार्य पादप रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत चौहान के मार्गदर्शन में अपने स्नातकोत्तर शोध के दौरान किया। उनका शोध आलू में फ्यूजेरियम नामक कवक से होने वाले सड़न रोग पर केंद्रित रहा, जो हरियाणा की परिस्थितियों में पहली बार वैज्ञानिक रूप से अध्ययन किया गया है। यह रोग विशेषकर कोल्ड स्टोरेज के दौरान गंभीर स्थिति में लगभग 60 प्रतिशत तक नुकसान पहुंचा सकता है।

शोध के दौरान आलू के नमूने हरियाणा के प्रमुख आलू उत्पादक क्षेत्रों से एकत्रित किए गए। साथ ही इस रोग के प्रभावी नियंत्रण के उपायों पर भी विस्तृत अध्ययन किया गया। शोध टीम द्वारा विभिन्न लाभकारी सूक्ष्म जीवों एवं कृषि अवशिष्ट पदार्थों के अवयवों के प्रयोग किए गए, जिनके परिणाम रोग नियंत्रण में अत्यंत संतोषजनक पाए गए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 7-2-26 | 9 | 1-3 |

## हकृवि की छात्रा पूजा का शोध उच्च स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिका 'फूड कैमिस्ट्री' में प्रकाशित



कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज के साथ छात्रा पूजा व अन्य।

हिसार, 6 फरवरी (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के पादप रोग विभाग की स्नातकोत्तर छात्रा पूजा ने अपनी उत्कृष्ट शोध उपलब्धि से विश्वविद्यालय का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। पूजा का शोध पत्र विश्व की प्रतिष्ठित एवं उच्च प्रभावांक (इम्पैक्ट फैक्टर 15.8) वाली शोध पत्रिका 'फूड केमिस्ट्री' में प्रकाशित हुआ है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने अनुसंधान दल के सभी सदस्यों को बधाई दी तथा भविष्य में भी इसी प्रकार के उच्च स्तरीय शोध कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शोध से प्राप्त परिणामों को पेटेंट अथवा व्यावसायिक उत्पाद के रूप में विकसित करने पर भी बल दिया, जिससे हरियाणा के किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। पूजा ने यह शोध कार्य पादप रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत चौहान के मार्गदर्शन में अपने स्नातकोत्तर शोध के दौरान किया। उनका शोध आलू में फ्यूजेरियम नामक कवक से होने वाले सडन रोग पर केंद्रित रहा, जो हरियाणा की परिस्थितियों में पहली बार वैज्ञानिक रूप से अध्ययन किया गया है। यह रोग विशेषकर कोल्ड स्टोरेज के दौरान गंभीर स्थिति में लगभग 60 प्रतिशत तक नुकसान पहुंचा सकता है। शोध के दौरान आलू के नमूने हरियाणा के प्रमुख आलू उत्पादक क्षेत्रों से एकत्रित किए गए। साथ ही इस रोग के प्रभावी नियंत्रण के उपायों पर भी विस्तृत अध्ययन किया गया।

शोध टीम द्वारा विभिन्न लाभकारी सूक्ष्म जीवों एवं कृषि अवशिष्ट पदार्थों के अवयवों के प्रयोग किए गए, जिनके परिणाम रोग नियंत्रण में अत्यंत संतोषजनक पाए गए। अपने शोध कार्य के आधार पर पूजा ने दो अन्य शोध पत्र तथा एक समीक्षा शोध पत्र भी अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित किए हैं। इस अवसर पर अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग, कृषि महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ. रमेश गोयल, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, पादप रोग विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश चुघ, डॉ. अनिल सैनी, डॉ. अभिषेक कुमार, डॉ. अंकित कुमार एवं शोधार्थी पूजा उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 7.2.26 | 5 | 3-5 |

## एचएयू की छात्रा पूजा का शोध अंतरराष्ट्रीय पत्रिका 'फूड केमिस्ट्री' में प्रकाशित

**माई सिटी रिपोर्टर**

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के पादप रोग विभाग की स्नातकोत्तर छात्रा पूजा ने उत्कृष्ट शोध उपलब्धि हासिल कर विश्वविद्यालय का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। पूजा का शोध पत्र विश्व की प्रतिष्ठित और उच्च प्रभावांक (इम्पैक्ट फैक्टर 15.8) वाली अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका फूड केमिस्ट्री में प्रकाशित हुआ है।

पूजा ने यह शोध कार्य पादप रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत चौहान के मार्गदर्शन में किया। उनका शोध आलू में फ्यूजेरियम कवक से होने वाले सड़न रोग पर केंद्रित है, जो कोल्ड स्टोरेज के दौरान फसल को भारी नुकसान पहुंचाता है और कई बार 60 प्रतिशत तक क्षति का कारण बनता है। हरियाणा की परिस्थितियों में इस रोग का यह पहला विस्तृत वैज्ञानिक अध्ययन माना जा रहा है। शोध के दौरान हरियाणा के प्रमुख आलू उत्पादक क्षेत्रों से नमूने एकत्र कर रोग नियंत्रण के प्रभावी उपायों पर अध्ययन किया गया।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठकपक्ष न्यूज | 06.02.2026 | -- | -- |

# हकृवि की छात्रा पूजा का शोध अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका 'फूड केमिस्ट्री' में प्रकाशित



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 7 फरवरी :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के पादप रोग विभाग की स्नातकोत्तर छात्रा पूजा ने अपनी उत्कृष्ट शोध उपलब्धि से विश्वविद्यालय का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। पूजा का शोध पत्र विश्व की प्रतिष्ठित एवं उच्च प्रभावांक (इम्पैक्ट फैक्टर 15.8) वाली अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका 'फूड केमिस्ट्री' में प्रकाशित हुआ है।

इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने अनुसंधान दल को बधाई देते हुए भविष्य में भी उच्च स्तरीय शोध कार्य जारी रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शोध परिणामों को पेटेंट अथवा व्यावसायिक उत्पाद के रूप में विकसित करने पर भी जोर दिया, ताकि हरियाणा के किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिल सके।

पूजा ने यह शोध कार्य पादप रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत चौहान के मार्गदर्शन में अपने स्नातकोत्तर अध्ययन के दौरान किया। उनका शोध आलू में फ्यूजेरियम कवक से होने वाले सड़न रोग पर केंद्रित रहा, जिसका हरियाणा की परिस्थितियों में पहली बार वैज्ञानिक अध्ययन किया गया है। यह रोग कोल्ड स्टोरेज के दौरान लगभग 60 प्रतिशत तक नुकसान पहुंचा सकता है।

शोध के दौरान आलू के नमूने हरियाणा के प्रमुख आलू उत्पादक क्षेत्रों से एकत्र किए गए। साथ ही रोग नियंत्रण के लिए विभिन्न लाभकारी सूक्ष्म जीवों एवं कृषि अवशिष्ट पदार्थों के अवयवों का प्रयोग किया गया, जिनके परिणाम अत्यंत संतोषजनक पाए गए। अपने शोध कार्य के आधार पर पूजा अब तक दो अन्य शोध पत्र एवं एक समीक्षा शोध पत्र भी अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित कर चुकी हैं।

इस अवसर पर अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रमेश गोयल, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, पादप रोग विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश चुघ, डॉ. अनिल सैनी, डॉ. अभिषेक कुमार, डॉ. अंकित कुमार सहित अन्य वैज्ञानिक एवं शोधार्थी उपस्थित रहे।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दक्ष दर्पण | 06.02.2026 | -- | -- |

# हकृवि की छात्रा पूजा का शोध उच्चस्तरीय अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका 'फूड केमिस्ट्री' में प्रकाशित

दक्ष दर्पण

**हिसारः** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के पादप रोग विभाग की स्नातकोत्तर छात्रा पूजा ने अपनी उत्कृष्ट शोध उपलब्धि से विश्वविद्यालय का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। पूजा का शोध पत्र विश्व की प्रतिष्ठित एवं उच्च प्रभावांक (इम्पैक्ट फैक्टर 15.8) वाली शोध पत्रिका 'फूड केमिस्ट्री' में प्रकाशित हुआ है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने अनुसंधान दल के सभी सदस्यों को बधाई दी तथा भविष्य में भी इसी प्रकार के उच्च स्तरीय शोध कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शोध से प्राप्त परिणामों को पेटेंट अथवा व्यावसायिक उत्पाद के रूप में विकसित करने पर भी बल दिया, जिससे हरियाणा के किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। पूजा ने यह



शोध कार्य पादप रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत चौहान के मार्गदर्शन में अपने स्नातकोत्तर शोध के दौरान किया। उनका शोध आलू में फ्यूजेरियम नामक कवक से होने वाले सड़न रोग पर केंद्रित रहा, जो हरियाणा की परिस्थितियों में पहली बार वैज्ञानिक रूप से अध्ययन किया गया है। यह रोग विशेषकर कोल्ड स्टोरेज के दौरान गंभीर स्थिति में लगभग 60 प्रतिशत तक नुकसान पहुंचा सकता है। शोध के दौरान आलू के नमूने हरियाणा के प्रमुख आलू उत्पादक क्षेत्रों से एकत्रित किए गए। साथ ही इस रोग के प्रभावी नियंत्रण के उपायों पर भी विस्तृत अध्ययन किया गया। शोध टीम द्वारा विभिन्न लाभकारी सूक्ष्म जीवों एवं कृषि अवशिष्ट पदार्थों के अवयवों के प्रयोग किए गए, जिनके परिणाम रोग नियंत्रण में अत्यंत संतोषजनक पाए गए। अपने शोध कार्य के आधार पर पूजा ने दो अन्य शोध पत्र तथा एक समीक्षा शोध पत्र भी अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित किए हैं। इस अवसर पर अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग, कृषि महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ. रमेश गोयल, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, पादप रोग विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश चुघ, डॉ. अनिल सैनी, डॉ. अभिषेक कुमार, डॉ. अंकित कुमार एवं शोधार्थी पूजा उपस्थित रहे।